तेरी बांकी अदा का क्या कहना भजन लिरिक्स

तेरी बांकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

दीवाने जो है मस्ताने हुए,
उनके दिल में अफ़साने हुए,
जो भी देखा निगाहों से झांक के,
उस दिल का निगेहबान हो गया,
तेरी बाँकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

जो दिल को अमानत रखता है,
वो कुछ ना शिकायत करता है,
नहीं देता जमानत कोई भी,
ये जग उसका बैरी हो गया,
तेरी बाँकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

जिसको ये मिले उसे जग ना मिले,
मस्ती का आलम दोनों में,
जिसने पाया वो ही जाने,
वो पहले था क्या अब हो गया,
तेरी बाँकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

चाहत का नज़ारा देखो तो,
रिमझिम रिमझिन नैना बरसे,
घनश्याम की बदरी बरस रही,
ये दिल बरसाना हो गया,
तेरी बाँकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

इतिहास उठाकर देखो तो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हर पन्ना भीगा आंसू से,
आदत है सताने की इनको,
जो इनका दीवाना हो गया,
तेरी बाँकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

जरा सोच समझ आगे बढ़ना,
हर कदम पे आग का दरिया है,
ये खेल शम्मा परवाने का,
जो भी खेला वो इनका हो गया,
तेरी बाँकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

उम्दा इनकी आजमाईश है,
यहाँ चलती नहीं फरमाइश है,
है मिला दाखिला उसको ही,
जो इनके मुताबिक हो गया,
Bhajan Diary Lyrics,
तेरी बाँकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

तेरी बांकी अदा का क्या कहना,
जो भी देखा दीवाना हो गया।bd।

Singer – Pawan Bhatia Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com